समाचार

# जनता जनार्दन की इच्छा के अनुरूप हों विकास कार्य, यह निरंतर प्रयास–महापौर

## (महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने सी.सी. रोड, नाली निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन)



कोरबा 08 जून 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा है कि प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के सतत मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं तथा यह निरंतर प्रयास किया जा रहा है कि जनता जनार्दन की इच्छा, मांग एवं उनकी आवश्यकता के अनुरूप विकास कार्य हों। उन्होने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसी के मद्‌देनजर विकास कार्यो को गति व दिशा दी जा रही है।

उक्त बातें महापौर श्री प्रसाद ने आज बालको जोन के वार्ड क्र. 36 में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कहीं। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 36 भदरापारा अंबिका मंदिर के समीप मण्डल गली में महापौर मद से 05 लाख 60 हजार रूपये की लागत सी.सी. रोड व नाली का निर्माण कार्य कराया जाना हैं। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने सोशल डिस्टेंसिंग व कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए उक्त विकास कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होने शिलान्यास पट्‌टिका का अनावरण किया एवं कार्य का शुभारंभ

कराया। इस अवसर पर निगम के सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे। महापौर श्री प्रसाद ने वार्डवासियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां पर सी.सी. रोड व नाली निर्माण हेतु स्थानीय निवासियों द्वारा आग्रह किया गया था, जिसका सम्मान करते हुए महापौर मद से यह निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि मेरा लगातार प्रयास रहता है कि आमजन की इच्छा व उनकी मांग के अनुरूप ही विकास कार्य हों, लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हों तथा मूलभूत सुविधाएं सहज रूप में उपलब्ध हों, इसी के मद्देनजर निगम द्वारा विकास कार्यो को गति व दिशा दी जा रही है। उन्होने आगे कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल का निरंतर मार्गदर्शन निगम क्षेत्र के विकास के लिए प्राप्त हो रहा है, विकास कार्यो हेतु उनके द्वारा पर्याप्त धनराशि विभिन्न स्त्रोतों से उपलब्ध कराई जा रही है, वर्तमान में वैश्विक महामारी कोरोना संकट के चलते विकास कार्यो में अवरोध अवश्य हुआ है किन्तु अब कार्यो को पुनः तेजी दी जा रही है।

इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ ही मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सपना चौहान, कृपाराम साहू, पार्षद नर्मदा प्रसाद लहरे, पूर्व पार्षद देवीदयाल सोनी, मनकराम साहू, कांग्रेस बालको ब्लाक अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, बद्री किरण, पीयूष पाण्डेय, अखिलेश शुक्ला, एफ.डी. मानिकपुरी, नुर अब्दुल, प्रभात डडसेना, श्याम साय साहू, मनोज मधुकर, केदार मण्डल, अमरीका प्रसाद, अजय प्रसाद, डी.आर.पी. सिंह, आर.एन.पी.यादव आदि के साथ वार्डवासी उपस्थित थे।